माँ शारदा भवानी बैठी है देखो कैसे

माँ शारदा भवानी बैठी है देखो कैसे,
मैया सजी है ऐसे दुल्हन बनी हो जैसे,
माँ शारदा भवानी बैठी है देखो कैसे,

हाथो में चूड़ी चमके माथे में बिंदियां दमके,
कानो में बाली लटके बालो में गजरा महके,
लहराए केश ऐसे काली घटा के जैसे,
मैया सजी है ऐसे दुल्हन बनी हो जैसे,
माँ शारदा भवानी बैठी है देखो कैसे,

हीरो जड़ी है नथनी सोने की पहने ककनी,
पाओ में पहने मुंदरी ओढे है लाल चुनरी,
चेहरा चमक रहा है पूनम के चाँद जैसे,
मैया सजी है ऐसे दुल्हन बनी हो जैसे,
माँ शारदा भवानी बैठी है देखो कैसे,

पाओ में है महावल पायल है घुंघरू वाली,
आंखे है काली काली होठो पे लाल लाली,
माँ के नयन है ऐसे खिलते कमल हो जैसे,
मैया सजी है ऐसे दुल्हन बनी हो जैसे,
माँ शारदा भवानी बैठी है देखो कैसे,

https://visualasterisk.com/bhajan/lyrics/id/6567/title/maa-sharda-bhawani-bethi-hai-dekho-kaise-maiyan-saji-hai-ese-dulhan-bani-ho-jaise

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |